'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2013-15
WPP Licence No.- U(C)-101/2013-15
R.N.I. No. 68180/98

प्रकाशन तिथि- 15 फरवरी, 2014

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, क्नॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: dr.uditraj@gmail.com

● वर्ष : 17 ● अंक 6 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● 1 से 15 फरवरी, 2014

जैसे मोमबत्ती बिना आग के नहीं जल सकती उसी प्रकार मनुष्य भी आध्यात्मिक जीवन के बिना नहीं जी सकता। -गौतम बुद्ध

देश अराजकता से नहीं बल्कि संविधान से चलता है

डॉ. उदित राज

सवर्ण समाज के मध्यम वर्ग को लगा था कि फूहर, अर्धशिक्षित, देहाती, दलित, पिछड़े, उन लोगों को निर्देश देते हैं जो न केवल अपनी मातृभाषा को जानते हैं बल्कि अंग्रेजी भी बोलते हैं। तमाम विषयों की जानकारी रखने के बावजूद कानून बनाने और लागू करने की जगह पर नहीं बैठ पा रहे हैं। इनका मानना है कि जाति को इकट्ठा करके चुनाव जीत जाते हैं और फिर हुकूमत करते हैं। अब तो पैसे का निवेश करके चुनाव जीता जाने लगा है जहां पर योग्यता का कोई मतलब नहीं होता। गुस्सा और असंतोष किसी न किसी रूप में जाहिर तो होता ही है और भ्रष्टाचार एक माध्यम बना। निश्चित तौर पर भ्रष्टाचार एक मुद्दा है और जिसे समर्थन करना चाहिए लेकिन दलितों, आदिवासियों एवं पिछड़ों का सशक्तिकरण एवं भागीदारी इस आंदोलन से कभी नहीं हो सकता। जहां संसाधनों का समुचित बंटवारा ही न हुआ हो, तो भ्रष्टाचार की लड़ाई से संसाधनहीन को कोई विशेष फायदा नहीं होगा। इनका फायदा निजी स्कूलों, उद्योगों एवं बाजार आदि में भागीदारी से होगा।

आम आदमी पार्टी का अब सही रूप उभर कर के आ रहा है। एक मुद्दा उठाकर मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचना और फिर दूसरा खड़ा कर देना और इस तरह से पूर्व में उठायी समस्याओं का समाधान न करना बल्कि जनाधार बढ़ाने के प्रयास में हमेशा लगे रहने की सोची-समझी नीति है। दिल्ली विधानसभा में बिल पेश करने से पहले उपराज्यपाल से अनुमति लेना पड़ता है लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, इस प्रक्रिया से गुजरे बगैर सीधा जन लोकपाल बिल जनता में रखकर के पास कराना चाहते हैं। यदि ऐसे ही सारी सरकारें करने लगी तो संविधान का क्या मतलब रह जाएगा और अंततः देश की एकता के ऊपर खतरा होना सुनिश्चित है। बड़े उद्योगपतियों के लूट का जहां तक खुलासा करने की बात है, वह अच्छी बात है लेकिन इसको मंजिल तक ले जाना चाहिए। इनकी कार्यप्रणाली आधे-अधूरे में हर चीज को छोड़ देने की है। बाबा साहेब के द्वारा निर्मित संविधान के ऊपर असर पड़ रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने से अगर थोड़ा फायदा हो रहा है तो क्षति उससे कहीं बड़ी हो रही है। जन लोकपाल बिल में आरक्षण का प्रावधान है कि नहीं है, यह स्पष्ट नहीं है। अरविंद केजरीवाल आरक्षण विरोधी मुहिम में शामिल रहे हैं इसलिए इनसे सावधान भी रहने की जरूरत है।

असली झाड़ू अब मैदान में

नई दिल्ली, 12 फरवरी, 2014। सफाई कामगार सगठनों का परिसंघ के राष्ट्रीय संरक्षक, डॉ0 उदित राज ने कहा कि जिन लोगों के हाथ में झाड़ू जन्म से ही मिल जाती है उसी झाड़ू को आम आदमी पार्टी ने अपना चुनाव चिन्ह बनाकर भावुक बनाया और वोट लिया। वाल्मीकि समाज का वोट इन्हें सर्वाधिक मिला। 17 फरवरी को हजारों की संख्या में राजघाट, दिल्ली पर एकत्रित होकर दिल्ली मुख्यमंत्री का घेराव करेंगें। श्री अरविंद केजरीवाल ने वायदा किया था कि सफाई के काम में ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति की जाएगी और अस्थाई कर्मचारियों को नियमित लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं हुआ है।

सफाई कामगार संगठनों का परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री विनोद कुमार ने कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल बड़ी ही चतुराई से अपनी पार्टी का उद्घाटन एवं प्रचार-प्रसार की शुरूआत वाल्मीकि मंदिर, वाल्मीकि बस्ती, पंचकुइयां रोड, दिल्ली और चुनाव चिन्ह झाड़ू से किया। चूंकि वाल्मीकि समाज का झाड़ू से मानसिक लगाव है, इसलिए वे भावुक हुए और स्वतः आम आदमी पार्टी से जुड़ गए। दूसरा कारण जुड़ने का यह भी था कि 'आप' ने वायदा किया था कि सफाई कर्मचारियों को न केवल नियमित किया जाएगा बल्कि उसमें ठेकेदारी प्रथा की समाप्ति भी होगी। दिल्ली सरकार में 77 विभाग हैं और आयोग और विभिन्न बोर्ड आदि को भी शामिल कर दिया जाए तो लगभग 100 ऐसे विभाग एवं संस्थान हैं जहां पर कर्मचारी ठेके पर कार्यरत् हैं और अनियमित हैं। केजरीवाल कहते थे कि अन्य सरकारों से भिन्न उनकी सरकार सीधे जनता से संवाद करेगी। पहले की सरकारों से संवाद हो भी जाता था लेकिन अब इनकी सरकार मुख्यमंत्री सचिवालय में प्रतिनिधि मंडल को भी मिलने से मना कर रही है।

डॉ0 उदित राज ने कहा कि जब अन्ना हजारे 2011 में आंदोलन कर रहे थे तो उस समय अनुसूचित जाति/ जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने एक विशाल रैली के माध्यम से सवाल किया था कि क्या उनके जनलोकपाल बिल में दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का प्रावधान है? जवाब नहीं मिला और अंत में हमने बहुजन लोकपाल बिल संसद की स्थाई समिति के समक्ष पेश किया और इन वर्गो के लिए आरक्षण की लोकपाल बिल में मांग की। हम श्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं कि जिस बिल को पास कराने की बात वे कर रहे हैं, उसमें आरक्षण का प्रावधान है या नहीं? श्री केजरीवाल बहुत ही बुद्धिमान और चतुर नेता हैं और अब तो देश के सबसे बड़े व्यापारी मुकेश अंबानी के खिलाफ भी

शेष पृष्ठ 6 पर...

दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक जागरण' में 9 फरवरी को *प्रकाशित* लेख

जाति आधारित आरक्षण की आवश्यकता

डॉ. उदित राज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, श्री जनार्दन द्विवेदी ने कहा कि जाति के आधार पर आरक्षण खत्म करके आर्थिक आधार पर किया जाना चाहिए, क्योंकि सामाजिक न्याय की अवधारणा अब जातिवाद में बदल गयी है। बड़े ही आदर्शवादी समाज की उन्होंने कल्पना कर ली, जो कि है नहीं और ऐसा लगता है कि जैसे वे भारतीय समाज में रहते ही नहीं। काश! उनकी सोच समाज की सच्चाई से मेल खाती तो भारतीय समाज कितना खुशहाल और दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश होता। वे इतने अनभिज्ञ तो नहीं है कि यह नहीं जानते कि आरक्षण गरीबी मिटाने का उपाय नहीं है बल्कि निर्बल जातियों के प्रतिनिधित्व का एक संवैधानिक अधिकार है। गरीबी मिटाने की सरकार की इतनी योजनाएं हैं कि उनका नाम गिनाएं तो एक लम्बी सूची बन जाएगी।

सन् 1902 में कोल्हापुर रियासत के राजा छत्रपति शाहूजी महाराज ने सबसे पहले 50 प्रतिशत आरक्षण दलितों और पिछड़ों को दिया। पूना पैक्ट 1932 में हुआ उसका परिणाम यह रहा कि पहले राजनीतिक आरक्षण मिला फिर 1942 में सरकारी नौकरियों में। संविधान सभा ने आरक्षण के प्रावधान पर मंजूरी दी और यह संविधान का एक हिस्सा बन गया। द्विवेदी जी को क्या यह पता है कि 1932 या आज़ाद भारत के पहले दलितों व आदिवासियों की भागीदारी सरकारी नौकरियों और जनप्रतिनिधित्व में थी? यदि पता होता तो शायद वे ऐसा बयान न देते। जो सरकारी नौकरियां एवं प्रतिनिधित्व की व्यवस्था आज़ाद भारत के बाद है लगभग यही ब्रिटिश भारत में भी थी लेकिन जातिगत् आरक्षण न होने की वजह से इनकी भागीदारी लगभग शून्य थी।

मान भी लिया जाए कि आरक्षण आर्थिक आधार पर कर दिया जाए तो आर्थिक रूप से समर्थ लोग येन-केन-प्रकारेण सबसे पहले कम आय का प्रमाण-पत्र बनवाकर गरीबों का हक मार लेगें। यह भी व्यवस्था त्रुटि रहित नहीं है। लगभग 125 करोड़ आबादी वाले देश में सरकारी नौकरियों से न तो गरीबी दूर हो सकती है और न ही एक बड़े हिस्से को रोजगार दिया जा सकता है। जहां पर आरक्षण नहीं है, वहां दलितों और पिछड़ों की भागीदारी शून्य के बराबर है। अमेरिका के वाशिंगटन पोस्ट अखबार के पत्रकार केनेथ जे. कूपर जब नई दिल्ली में एक दलित पत्रकार से मिलना चाहे तो वे असफल रहे और वरिष्ठ पत्रकार बी.एन. उनियाल ने यह पॉयनिर अखबार में छापा। फिल्म उद्योग में भी इनका प्रतिनिधित्व नहीं के बराबर है। 1000 बड़े पूंजीपतियों की सूची अगर तैयार की जाए तो उसमें एक भी दलित-आदिवासी नहीं होगा। इतने इलेक्ट्रॉनिक चैनल और दैनिक अखबार हैं, उसमें से एक का भी मालिकाना हक इनके पास नहीं है। पूंजी बाजार तो जैसे इनके लिए अपरिचित वस्तु हो। शिक्षा का व्यवसायीकरण इतनी तेजी से हुआ है लेकिन उसमें इनकी भागीदारी नहीं के बराबर है। भवन निर्माण, दूर संचार एवं तमाम सेवा के क्षेत्र बड़ी तेजी से देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हैं तो क्या इनमें दलितों-आदिवासियों की कोई भागीदारी है? जनप्रतिनिधित्व एवं सरकारी नौकरियों में अब विकास और सशक्तिकरण के अवसर नहीं के बराबर हैं, अर्थात् कितने लोगों का यहां से भला हो सकता है, इसको समझना मुश्किल नहीं है। अब असली अवसर अन्य क्षेत्रों में जो कुछ उपरोक्त में वर्णित किए जा चुके हैं, उसमें हैं। यदि आरक्षण सरकारी नौकरियों एवं राजनीति में न होता तो कम से कम दलित-आदिवासी की भागीदारी तो सभी क्षेत्रों में शून्य रहती। दलित आंदोलन की मेहरबानी से मण्डल कमीशन लागू हुआ और अब पिछड़ों की भी भागीदारी सरकारी नौकरियों में होने लगी है। 1993 में जब मुलायम सिंह मुख्यमंत्री बने तो पंचम तल पर उनकी बिरादरी का केवल एक आई.ए.एस. अधिकारी था और उन्हें तब दूसरों से काम चलाना पड़ा। अब यादव एवं पिछड़े समाज के तमाम अधिकारियों से मुख्यमंत्री शासन-प्रशासन कर रहे हैं।

द्विवेदी जी की धारणा गलत है। जो जातियां आरक्षण की परिधि में नहीं हैं वे भी विकास और सिद्धांत के बजाय जाति के आधार पर ही राजनीति कर रहे हैं। क्यों वैश्य समाज भाजपा का बेस वोट है? जाट को आरक्षण बहुत बाद में मिला लेकिन उस पार्टी का जनाधार पहले से ही उसी जाति में क्यों था? महाराष्ट्र में मराठा को आरक्षण नहीं मिलता है तो क्या वे जाति के आधार पर राजनीति नहीं कर रहे हैं? यदि शरद पवार मराठा जाति के न होते तो क्या एनसीपी का मूलाधार मराठा जाति होती? जनार्दन द्विवेदी जी को यह सोचना चाहिए कि इस देश में कारोबार और व्यवसाय हजारों वर्ष से जाति के आधार पर ही तो होता आ रहा है।

इन्हें लगता है कि जाति के आधार पर राजनैतिक ध्रुवीकरण से विकास को धक्का लगता है। इसमें सच्चाई भी है, क्योंकि जब नेता बनने की प्रक्रिया ही जातीय भावना है तो उसका विकास करना दूसरी प्राथमिकता होगी। जब डॉ0 अम्बेडकर ने जाति विहीन समाज की स्थापना के लिए संघर्ष किया तो उनका साथ सवर्णों ने क्यों नहीं दिया? अभी भी यदाकदा जातिविहीन समाज की स्थापना की बात दलित ही करते हैं, क्यों नहीं सवर्ण आगे आते? जिस दिन

शेष पृष्ठ 3 पर...

हमारा कोई अस्तित्व नहीं

एस. एल. सागर

'वॉयस ऑफ बुद्धा' पाक्षिक के मुद्रक, प्रकाशक और संपादक डॉ. उदित राज ने पत्र के अंक–25, 16–30 नवंबर, 2013 में वेदना व्यक्त करते हुए दलित समाज के सामने यह प्रश्न रखा कि क्या हमारा भी अस्तित्व है? 'हमारा' से उनका आशय दलित समाज से है जिसकी आबादी भारत में 30 (एससी 20+एसटी 10= 30) प्रतिशत है। यह 30 प्रतिशत का समुदाय समाज में घृणा, तिरस्कार और उपेक्षा का शिकार आज भी है जबकि भारत को अपने संविधान के अनुरूप सत्ता चलाते 65 वर्ष से अधिक समय बीत गया है। लगता नहीं कि यह भारत की एक तिहाई आबादी का समाज अपना कोई अस्तित्व स्थापित कर पाया है। यह पूरे घृणित समाज के लिए चिंता का विषय है।

संपादक महोदय की वेदना यह है कि अभी पांच राज्यों की विधान सभाओं में विभिन्न दलों द्वारा प्रचार तक में इस समाज की उपस्थिति का कोई संज्ञान नहीं लिया गया और न उनसे मत प्राप्त करने के लिए अपने चुनावी एजेंडे में कोई उनके हित की निष्ठा व्यक्त की गई जैसे आरक्षित कोटे को पूरा करने, बैकलॉग भरने, उनके लिए शिक्षा रोजगार की समुचित व्यवस्था करने और उन्हें विकसित आर्थिक पायदान पर खड़े करना आदि। डॉ. उदित राज ने दलित समाज के सामने यह सीधा प्रश्न खड़ा कर दिया कि हमारा अस्तित्व अभी तक समाज में क्यों स्वीकार्य नहीं है। अभी पांच राज्यों में सभी राष्ट्रीय राजनैतिक दल भागीदारी कर रहे थे पर किसी भी दल ने दलित समाज का अस्तित्व स्वीकार कर उसके हितार्थ कोई घोषणा नहीं की और इतना ही नहीं बल्कि उसकी चर्चा तक अपने चुनावी अभियान में नहीं की। डॉ. उदित राज का यह कथन भी सच्चाई के अति निकट है कि यदि ऐसा किसी अन्य प्रजातांत्रिक देश में होता और इतनी बड़ी संख्या को उपेक्षा का शिकार बनाया जाता तो वहां विद्रोह खड़ा हो जाता।

मैं समझता हूं कि दलित समाज के लिए ऐसी स्थिति गहन चिंतन और घोर चिंता का विषय है। सोचने की बात यह है कि कांग्रेस ने 2004 में आरक्षण कानून बनाने वाला विधेयक संसद में रखा जो अबतक न तो चर्चा के लिए पेश किया गया और न ही पास किया गया। प्रोन्नति में आरक्षण का बिल भी संसद में लंबित है। चुनाव वाले पांच राज्यों–दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में दलितों की जनसंख्या एक–तिहाई है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो यह 40 प्रतिशत से भी ऊपर है। इन राज्यों में भी चुनाव अभियान के दौरान किसी राजनीतिक दल ने दलितों से यह कहकर वोट नहीं मांगा कि चुनाव में उनका समर्थन करे और हमारा दल चुनाव के बाद दलित हितार्थ लंबित पड़े कानूनों को पास कराएगा।

डॉ. उदित राज का यह कथन कि मीडिया में समाचार पत्र और टेलीविजन दोनों सम्मिलित हैं पर हम देखते हैं कि इनमें संप्रदाय और जातीय उपद्रव, दंगे, दंगों में हत्याओं की चर्चाओं के साथ महिलाओं के साथ बलात्कार और भ्रष्टाचार संबंधी स्कैंडल छपते रहते हैं और दलितों के संबंध में कुछ भी चर्चा नहीं होती है। उनकी यह भी वेदना है कि दलितों ने न तो इस दलित विरोधी मनुवादी मीडिया का विरोध किया न अपना मीडिया पैदा करने का प्रयास किया। यह निकम्मापन दलित समाज के लिए अत्यंत खेदजनक है। इसके लिए डॉ. उदित राज का चिंतन निश्चित ही चिंताजनक है। उन्होंने दलित समाज को उठ खड़े होने का आह्वान भी किया है। किंतु यहां यह चिंतन करने की इससे भी अधिक आवश्यकता है कि जिनके उपेक्षा और तिरस्कार के हम शिकार हैं, ऐसा करना तो उनकी संस्कृति का हिस्सा है पर क्या हम स्वयं अपनी उपेक्षा, अपमान, तिरस्कार और जिल्लत के लिए जिम्मेदार नहीं हैं? हम यह जानते हैं कि जो डरता है उसे डराया जाता है, जो पिटता है उसे ही पीटा जाता है किंतु जब कोई सीना तानकर मुकाबला करने को खड़ा हो जाता है तब उसे न कोई डराता है न पीटता है। पराजय स्वयं की कमजोरी अधिक होती है दूसरों की मजबूती से। हम अपनी अस्तित्वहीनता के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं और मेरे विचार से इसके दो प्रमुख कारण हैं– 1. स्वयं हमारी अज्ञानता और 2. गद्दारी। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और पत्रकार परिषद के अध्यक्ष श्री काटजू का कथन है कि हमारे देश में 100 में 90 मूर्ख हैं अर्थात् ये मूर्ख वे लोग हैं जो स्वविवेक की क्षमता नहीं रखते हैं अर्थात् किस परिस्थिति में क्या किया जाए का निर्णय नहीं कर पाते हैं, उन्हें झूठ–सच का विवेक भी नहीं होता है और वे अपना कौन, पराया कौन का निर्णय करने की क्षमता भी नहीं रखते हैं। इन 10 प्रतिशत में 5 प्रतिशत अपने को अप्प दीपो भव कहते हैं पर वे भी स्वयं अभी तक ब्राह्मणवादी व्यवस्थाओं से मुक्त नहीं हो पाए हैं। यह मनुवादी जान का शिकार है और कुछ अंबेडकर के वैज्ञानिक सोचवादी विचारधारा से कोसों दूर है। विवेकहीनता उनको पथ भ्रष्ट करती है।

दलितों का जो शिक्षित तबका है वह घोर स्वार्थी और अवसरवादी है। अपने हितार्थ हेतु पूरे समाज के साथ गद्दारी करता है और अनर्गल सूत्र गढ़ता है। इन शिक्षित लोगों में नौकरी करने वाला कर्मचारी, राजनैतिक नेता और बुद्धिजीवी आता है। नौकरीवाला स्वार्थी है, वे जहां द्विजों के साथ नौकरी करता है वहीं उनके आचरण की प्रतियोगिता में सम्मिलित हो जाता है। वे ऊंचे दिखने वाले निवास में रहने की जुगाड़ करता रहता है और अपने सामाजिक दायित्वों को छोड़कर उसी में लगा रहता है। वे अब जीवं सुखम् जीवेत में मस्त हैं। वे उसके पीछे पूरे अशिक्षा और दरिद्रता में नरकीय जीवन–बसर कर रहा है। उसका ही समाज, उसकी ओर मुड़कर भी नहीं देखता है। ऐसा व्यक्ति ब्राह्मणवादी पूजा–पाठ में बढ़–चढ़कर भाग लेता है ताकि द्विजों की दृष्टि में पक्का धार्मिक होने का सिक्का जमाए रखें। हमारा अनपढ़, देहाती समाज इस नौकरी पेशावाले को शिक्षित और ज्ञानी समझ उसका अनुसरण करता है। जब यह पढ़ा–लिखा, पाखंडी और स्वार्थी होगा तो अनपढ़ समाज उसी जैसा आचरण करेगा।

दूसरा तबका राजनीतिज्ञों का है। राजनीति में झूठ, कपट, स्वार्थ, दगा सबकुछ चलता है। इसमें ऊपर पहुंचने के लिए गुलामी का मक्खन भी प्रयोग में किया जाता है। अब तक दलित राजनीति में निष्ठावान नेता कम और दलाल–चमचा अधिक पनपे हैं। राजनीति सब तालों की चाबी कहने वाले कांशीराम जैसे लोग और उनकी पार्टी राजनीति में सफलता पाने के बाद एक भी ताला नहीं खोल सके और दलितों में अशिक्षा, बेरोजगारी, कुपोषण जैसे एक भी रोग दूर नहीं हुआ बल्कि बसपा का हाल हमने देखा कि बजाय दलितों की कोई समस्या हल करने के वे अपनी कुर्सी बचाने के लालच में ब्राह्मणवादियों के पोषण में लग गए। इतना ही नहीं वे नारा लगाने लगे– ''हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्म, विष्णु, महेश है'' और ''ब्राह्मण शंख बजाएगा–हाथी दिल्ली जाएगा''। वे यह भूल गए हैं कि दूसरों की धर्म–संस्कृति रीति–रिवाज और परंपरा को अपना कर गुलाम राजा बनने से अच्छा है अपनी धर्म संस्कृति के साथ जीने वाला समाज सेवक।

अभी 2013 में पांच विधान सभाओं के जो चुनाव हुए उसमें हमारा अस्तित्व किसी ने नहीं स्वीकारा न उनके एजेंडे में हम कहीं रहे। इसका कारण कोई और नहीं बसपा जैसा राजनैतिक दल है। हमारा समाज उसका गुलाम समर्थक बन गया और दूसरे दलों के लिए वह व्यर्थ का जीव रह गया। इसका बुरा परिणाम यह निकला कि बसपा नेतृत्व ने यह जानकर कि दलित अब जाएगा ही कहां, इसे किसी के लायक रखा ही नहीं गया है। अब ब्राह्मणवादियों को जोड़ा रखा जाए ताकि अपनी कुर्सी सलामत बनी रहे। दूसरे दलों ने दलितों को इसलिए नकार दिया क्योंकि उन्होंने इसे बसपा का गुलाम समझ लिया। यही कारण था कि किसी दल के घोषणा पत्र में दलितों की कहीं कोई चर्चा नहीं थी।

यह सच है कि बाबा साहेब ने कहा था कि हमें शासक भी बनना है किंतु यह कभी नहीं कहा था कि गुलाम शासक बनना और अपने से शक्ति पाकर अपनों की उपेक्षा कर सवर्णों का हित साधक बनना। यूपी में बसपा द्वारा बाबा साहेब की नीति का वास्ता देया गया किंतु उस नीति को उसी बसपा ने श्मशान घाट पहुंचा दिया। आरक्षण के कारण जो अन्य दलों ने दलितों को स्थान दिया। उन्होंने गूंगे, बहरे और मूक लोगों को ही चूना जो पशु की भांति पेट भरकर भुनभुनाते रहे पर दलितों की ओर से मुंह फेर लिया और पार्टी आकाओं की वन्दना करते रहे।

यदि हम बुद्धिजीवियों की बात करें तो हमें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि दलित समाज में जो शारीरिक श्रम की कमाई न खाकर बुद्धि के बल से कमाते और खाते हैं, उन्हें बुद्धिजीवी नहीं कहा जा सकता है। बुद्धिजीवी बुद्धि के साथ जीते हैं, नहीं कहा जा सकता पर वे बुद्धि को खाते हैं, यह बात सच है। नौकरी पेशा और अन्य पढ़ा–लिखा बुद्धिजीवी इस अर्थ में है क्योंकि वे श्रम का न खाकर बुद्धि का खाता है पर वह सही अर्थों में न बुद्धिजीवी है न बुद्धिमान। एक बात समझने की जरूरत और है कि पुस्तक–पत्रिकाएं और पत्र जिनमें पढ़ने की चाह नहीं है, वे पढ़े–लिखे हो सकते हैं बुद्धिजीवी नहीं, यह बात कहीं तक सर्वथा युक्ति संगत है।

यह बात चुनावों तक ही सीमित नहीं है। चुनाव घोषणा पत्रों में किसी राजनैतिक दल द्वारा दलितों की बात नहीं कही गयी है। चुनाव के पूर्व और चुनाव के बाद भी किसी दल के घोषणा पत्र में दलितों के आरक्षण, उनका शिक्षा और आर्थिक हित की चर्चा कहीं नहीं होती। दूसरा तात्पर्य यह है कि किसी भी दल द्वारा दलितों का अस्तित्व स्वीकार नहीं किया जाता है। स्मरण रहे कि किसी समाज की ऐसी दशा दो परिस्थितियों में होती है। एक तो यह कि वह समाज ऐसा हो जो मूल्यांकनहीन हो अर्थात् जिसकी स्थिति ऐसी हो जिसके सहयोग का मिलने न मिलने से कोई प्रभाव न पड़ता हो। दूसरी स्थिति यह है कि वह समाज गिनती में किसी की जय–पराजय को प्रभावित तो करती हो पर ऐसा समाज एक का ऐसा दास हो कि दूसरे उस पर विश्वास न करते हो। तीसरी स्थिति यह है कि किसी समाज की न कोई विचारधारा हो न एक विचारधारा पर संगठित हो। ऐसा समाज दूसरों के लिए अस्तित्वहीन हो जाता है।

उपर्युक्त विश्लेषण से स्थिति यह स्पष्ट है कि दलित समाज किसी राज्य से संगठित नहीं है, बिखरा हुआ है और स्थानीय स्तर पर जहां जिसके दबाव में है, वे उसी को डाल देता है। जब यह वहां किसी एक का है ही नहीं तो कोई भी उसके अस्तित्व को क्यों अहमियत देगा। यूपी का दलित बसपा से चिपका है, दूसरे दल यही मानकर यहां दलितों के अस्तित्व उनके लिए कुछ है, इसे मानने को तैयार नहीं है।

ऊपर के वर्णन से यह स्पष्ट है कि दलितों का कहीं कोई दल अस्तित्व स्वीकार नहीं कर रहा है। राजनीति में अस्तित्व स्वीकार कराने के लिए किसी भी समाज में संगठन हों। दूसरे वह संगठन स्वतंत्र हो अर्थात् किसी को स्वीकारने और किसी को खारिज करने को स्वतंत्र है अर्थात् वह किसी दल का बंधुआ न हो। जैसे उत्तर प्रदेश सहित भारत का मुसलमान संगठित है और वह उसी को वोट देता है जो उसकी हर बात सुने और उनके अधिकारों का संरक्षण करें। दलित समाज का अस्तित्व कायम हो सकता है यदि वह संगठित हो और सामूहिक विवेक का प्रयोग करें।

यहां यह बात भी सदैव स्मरण रखना चाहिए कि जिन्दा कौमें कभी अस्तित्वहीन नहीं होती है जो अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करते हैं और विजय पाते हैं, उनका अस्तित्व स्वतः स्थापित हो जाता है। आज की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में प्रायः विभिन्न वर्ग और संप्रदाय अपने अधिकारों की मांग को लेकर जब सड़कों पर उतर आते हैं तो उनकी ओर आम जनता का ध्यान आकर्षित होता है। ऐसे समाज का अस्तित्व दल स्वीकारता है और सरकार ही नहीं हर व्यक्ति को ऐसे संघर्षशील समाज का अस्तित्व हर वर्ग स्वीकार करता है और जब किसी जाति वर्ग का अस्तित्व स्वीकार हो जाता है तो उसकी हर मांग हर दल स्वीकारने लगता है।

दलितों का अस्तित्व स्थापित हो और उनके अधिकारों का मूल्यांकन होने लगे, उसके लिए उन्हें जो कुछ आवश्यक है वह कलमकारों, विचारकों और राजनैतिक ईमानदार चिंतकों से मिलता है यदि ये अपने दायित्वों का सही निर्वहन करें। कलमकारों की बात करें तो वे ही कलमकार सही मार्गदर्शन कर सकते हैं जो धर्मांधता की रतौंधी से मुक्त है। नेत्र दोषी दूसरों को रोशनी नहीं दे सकता। कुछ कलमकार भ्रामक सोच का सृजन कर रहे हैं। इनके भटकाव में दलित डूबने के सिवाय कोई अस्तित्व कायम नहीं कर सकते हैं। देखने में आया है कि तमाम दलितों के अखबार पाखंड परोसते हैं। वे दलितों में भ्रम फैलाने का प्रकाशन करते हैं। हिमायती के संपादक सुमनाक्षर अंबेडकर और वैज्ञानिक चिंतन की बात करते हैं और हिंदुओं के महाकुंभ की प्रशस्ति स्थापित करते हैं और रैदास ने पैर से पत्थर हटाकर जमीन से गंगा निकाल दी जो राजा के पीछे–पीछे चल दी (हिमायतीः दिसंबर, 13)। इसी अंक में ये गुमराह करते हैं कि 1851 का सिपाही विद्रोह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था जो कि बकवास है। 1857 में भारत से अंग्रेज जाएं, यह लड़ाई नहीं लड़ी गई और न ही स्वतंत्रता की मांग की गई। यह कुछ धर्मांधों का ग्रंथ था जो बैरकपुर छावनी में शुरू हुआ था। यह किसी प्रकार से जन आंदोलन की मांग नहीं थी। राजा किले मांग रहे थे और उनमें बने रहने की मांग कर रहे थे। लक्ष्मीबाई मात्र झांसी मांग रही थी। उस समय देश में मुसलमान हिंदू राज्यों के शासक थे। यदि तब अंग्रेज चले गए होते तो दिल्ली पर बादशाह जफर होते और हिंदू राज्यों में राजा। ऐसी सत्ता में तो दलित गुलाम ही होते और उनके गले में हांडी तथा कमर में झाड़ू होता। ऐसे कलमकार पूरे दलित समाज को भटकाव में डाल देंगे। हमारा कलमकार विशुद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना चाहिए, पाखंड से बहूत दूर।

दलित अस्तित्व के लिए राजनीति में भागीदारी आवश्यक है किंतु हमारी एक नीति होनी चाहिए जो सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन को वरण करती हो। हमारी राजनीति को नीति का अनुसरण करना चाहिए न कि राजनीति को सब तालों की चाबी कहकर नीति के ऊपर स्थापित करना चाहिए। अब तक जिन राजनैतिक नेताओं ने अपने स्वार्थ में राजनीति को ऊपर रखा, उन्होंने अपना निजी हित साधा और पूरे दलित समाज को पीछे धकेला है। हमारे राजनीतिज्ञ बाबा साहेब का अनुसरण करें जिन्होंने दलित अस्मिता के लिए पद छोड़ा था जो राजनेता पद के लिए दलितों को पीछे धकेलकर छोड़ देते हैं, वे गलत हैं।

मैं आगाह करना चाहूंगा कि दलित समाज घोर अंधकार में है। उसे मनु युग में धकेलने का प्लान चल रहा है और इसके नेता, रहनुमा, चिंतक, संघर्ष नायक सभी नींद में हैं, इन्हें जागना होगा। मनुवादियों ने बाबा साहेब के संविधान को पूर्ण विफल कर दिया है। लोकतंत्र केवल ऊपर से दिखाई देता है। विधानसभा और लोकसभा का सदस्य स्वतंत्र मतदान से नहीं चुना जाता है। लोकतंत्र मर चुका है जिसमें दलित आवाज सुनी जाती थी। कोई भी सरकार अब धर्मनिरपेक्ष नहीं है। संविधान का अस्पृश्यता निरोधक अनु. 17 और आरक्षण देने वाला अनु. 335 प्रभावहीन बनाकर व्यर्थ कर दिए गए हैं। जाल तैयार किया जा रहा है ताकि दलित उच्च एक व्यवसायिक शिक्षा प्रदान न कर सके और सरकार के कार्य–कलापों में हिस्सेदारी न कर सकें। धन–धर्म दोनों पर डकैती डाली जा रही है। अब तो इच्छा से धर्म भी ग्रहण नहीं कर सकते। धर्म परिवर्तन पर रोक लगाकर अनुच्छेद 25 को ध्वस्त कर दिया गया है। सत्ता चाहे कांग्रेस की रहे चाहे भाजपा की, दलितों के लिए दोनों जहरीली है। एक सांप नाथ है तो दूसरी नागनाथ। एक खुला नाग है तो दूसरा आस्तीन का सांप। मैं देश की 80 फीसदी आबादी वाले मूल निवासी समाज को एक मंच पर होना अनिवार्य मानता है अन्यथा अगर न चेते तो मिट जाओगे तब इनका अस्तित्व कहीं दिखाई नहीं देगा।

दैनिक समाचार पत्र 'पंजाब केसरी' में 14 फरवरी को *प्रकाशित लेख*

भारतीय भेदभाव में सबसे आगे

डॉ. उदित राज

खिड़की एक्सटेंशन, दिल्ली की ओर देश के बहुत लोगों की नजरें है कि क्यों दिल्ली सरकार के कानून मंत्री सोमनाथ भारती अश्वेत औरतों के घर पर छापा मारा, क्यों नहीं पुलिस ने उनकी सुनी, क्या यह छापा कानूनी था आदि-आदि सवाल उठे हुए हैं। वहां के लोग अफ्रीकियों से परेशान नजर आते हैं और यह बात 26 जनवरी को आईबीएन 7 के वरिष्ठ पत्रकार सागरिका घोष द्वारा वहां पर चर्चा करते हुए देखकर के पता लगता है। वहां के ज्यादातर लोगों का कहना था कि अफ्रीकी लोग सेक्स और नशीले पदार्थ में लिप्त हैं। देश का प्रबुद्ध वर्ग कानून मंत्री के इस कृत्य से नाराज है। कानूनी तौर से रात में किसी के घर छापा नहीं मारा जा सकता जब तक कि विशेष परिस्थिति न हो और उसे कानून करने की इजाजत देता हो। भारती जी 15 जनवरी को मीडिया के साथ देर रात में वहां पहुंचे, पुलिस भी बुला लिया और आदेश दिया कि छापा मारो। पुलिस कानून के अनुसार काम की और उनके धमकी में नहीं आई। इस घटना के कई पहलू हैं जिस पर न लोगों की बोलने की हिम्मत होती है और न ही लिखते हैं। मैंने पूरी दुनिया देखी है, स्वयं के अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि जितना भारतीय भेदभाव करते हैं उतना कोई और नहीं।

अश्वेत लोगों को ज्यादातर लोग हबसी कहते हैं। नफरत की दृष्टि से भी देखते हैं और जब वे सड़कों पर गुजरते हैं तो गंदी-गंदी टिप्पणियां होती है। प्रश्न उठता है कि यह भेदभाव करने वाली मानसिकता क्या अंग्रेजी हुकूमत के दौरान पैदा हुए? हीन भावना के वजह से ये धारणाएं है या और कारण है। अश्वेतों का अमरीका या यूरोपीय देश 17वीं और 18वीं शताब्दी में खरीद-फरोख्त करते थे। इंग्लैंड पार्लियामेंट के सदस्य विल्बर फोर्स, एक कट्टर ईसाई थे, ने पूरी जिंदगी अश्वेतों के दासता की मुक्ति की लड़ाई लड़ते रहे और अंततः 1833 में कानून बन सका। अमेरिका के प्रसिद्ध राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने इन्हें मुक्त कराया परिणामस्वरूप इनकी हत्या 1865 में कर दी गयी। हम इनके साथ भेदभाव क्या इसलिए करते हैं कि अंग्रेजों ने हीन भावना का उत्पात हममें की या इनके

साथ विदेशियों ने भेदभाव किए। आंशिक रूप से यह एक सत्य हो सकता है लेकिन स्वाभाविक रूप से हम प्राचीन काल से ही एक-दूसरे के साथ भेदभाव करते रहे हैं। जाति के आधार पर भेदभाव और रंग के आधार पर अलग-अलग हो सकता है लेकिन कहीं न कहीं उसी मानसिकता का यह अभिव्यक्ति है। हमारे वेदों और पुराणों में गोरा और सांवला की बात बहुत प्रमुखता के साथ हुई है। भगवान शिव का जब वर्णन होता है तब यह भी कहा जाता है कि वह श्याम रंग के थे। जहां किसी के गुण की बात हो तो क्या यह जरूरी है बताना कि उनका रंग गोरा था या काला। भगवान कृष्ण के बारे में यही कहा जाता था कि उनका रंग श्यामल था। अफ्रीकी लोगों को यह नहीं पता कि भारतीय उन्हीं के साथ नहीं बल्कि अपने लोगों के साथ में भी भेदभाव खूब करते हैं। अगर लड़की गोरी हो और उसका नाक-नक्शा भी सुडौल हो तो वैसे ही घरवालों की चिंता आधी हो जाती है कि कन्यादान में मुश्किल नहीं होगी। इसी समाज में इंसान का दान भी होता है? श्यामली लड़की हो तो ज्यादा दहेज का इंतजाम तो करना ही पड़ता है साथ ही साथ यह जरूरी नहीं है कि अच्छा लड़का मिले। फेसबूक पर लड़कियों के बारे में तमाम टिप्पणियां आती रहती है। एक दिन एक टिप्पणी मैंने देखा कि गोरी और सुंदर लड़की हो तो उसे कुछ खास करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह जानती है कि कोई गधा इंजीनियर, डॉक्टर, आईआरएस, आईएएस आदि बनने के लिए मेहनत कर रहा होगा। जब मैंने 1989 में भारतीय राजस्व सेवा की ट्रेनिंग करने गया तब इसका अनुभव काफी गहराई से हुआ। तमाम ब्यूरोक्रेट्स या जो अच्छी नौकरियों में हैं उन्हें गोरी और सुंदर लड़की चाहिए चाहे दहेज कम ही मिले, पैसा तो वैसे ही कमा लेंगे। मेरा बाल्यकाल गांव में बीता और अनुभव किया है कि यदि कोई व्यक्ति काना है तो गांव के ज्यादातर लोग सुबह उसका मुंह देखने से कतराते हैं इस सोच के साथ कि कहीं दिन न खराब हो जाए। जिस महिला को बच्चे नहीं होते उसके भी दर्शन से प्रातःकाल बचते हैं ताकि उनका दिन अच्छा बीते। क्या इतना भी क्रूर समाज कहीं और हो सकता है कि अंधा और बिना बच्चे की स्त्री अपने विरह से खुद झुलस रहे हैं और उसपर समाज का यह अत्याचार। यदि इस प्रकार के भेदभाव का पता यहां रह रहे युगांडा, नाईजीरिया और कांगो के लोगों को लग जाए तो शायद उनकी पीड़ा कम हो जाए। किम बैरिंगटन नारीसेटी अर्बन क्रेयान प्रेस की प्रकाशक का लेख 25 जनवरी को इकोनॉमिक टाइम्स में पढ़ा कि जब वे दिल्ली में थी तो एक 8 वर्ष के बच्चे ने जोर से पत्थर मारा और चश्मा न पहनी होती तो आंख फूट जाती, उनके भारतीय पति ने पकड़ा तो उसने कहा कि इसलिए किया कि उसने सोचा कि वह अफ्रीकी है। जरा सोचिए कि एक बच्चे में इतना भेदभाव की भावना है, क्या और किसी समाज में ऐसा संभव है? उनका अनुभव था कि जैसे वह अजीब वस्तु हों और जहां भी जाती थी लोग अजीब तरीके से देखते थे। शिक्षित लोग भी यही करते हैं। कोई भी अफ्रीकी लड़की हो, हमारे सेक्स के भूखे लोग इन सभी को सेक्स वर्कर ही समझते हैं।

इस सच को झुठला नहीं सकता कि भारतीयों से ज्यादा कोई भेदभाव नहीं करता। भारतीय समाज लगभग 6700 जातियों में बंटा हुआ है और प्राचीन भारत से एक ही समाज में रह रहे हैं। जहां तक इनके रंग की बात है उसमें मिश्रण है अर्थात् किसी भी जाति में गोरे और सांवले मिल जाएंगे। अमेरिका में गोरे और काले भिन्न हैं और वे 17वीं-18वीं सदी से ही साथ रहना शुरू किए। अश्वेत जानवरों की तरह खरीदे और बेचे भी जाते थे लेकिन उन समाजों ने बहुत जल्द ही भेदभाव खत्म करने का कार्य किया है। सन् 2010 में अमेरीका में 20,96,000 शादियां हुई थी और उसमें से 2,75,500 अंतर समुदाय में हुई जिसमें से 1,92,850 काले और गोरों के बीच में। वर्तमान में वहां पर 8.5 प्रतिशत अंतर समुदाय शादियां हुई है जबकि 1980 में यह 3.2 प्रतिशत थी। हमारी आबादी सवा सौ करोड़ है उसके अनुपात में कितनी अंतरजातियां शादी हो रही है, यह सभी जानते हैं, अभी भी अपवाद ही है। अतः प्राचीन भारत से लेकर अब तक हमसे ज्यादा भेदभाव करने वाला दुनिया में कोई और समाज नहीं है।

सागरिका घोष और कुछ और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को बहुत ही मुश्किल का समय रहा जब खिड़की एक्सटेंशन के लोगों के साथ चर्चा हो रही थी। वहां के ज्यादातर लोगों ने कहा कि वे अश्वेतों से परेशान हैं और पुलिस कुछ करती नहीं इसलिए कानून मंत्री ने सही कार्य किया। सागरिका घोष ने बहुत ही माकूल सवाल किया कि आपकी शिकायत यही है कि अफ्रीकी लड़कियां पूरी रात आती-जाती रहती हैं तो इसका जवाब नहीं मिला। जिस दिन कानून मंत्री उनके घर पर छापा मारा तो उस समय भी कोई सेक्स और नशीले पदार्थ का धंधा होते नहीं मिला। उनके मेडिकल में भी ऐसा नहीं आया। ये नहीं जानते हैं कि दूसरे समाज में प्राचीन काल से ही मर्द और पुरुष अलग नहीं रहे हैं अतः उन्होंने स्वाभाविक जिंदगी गुजारी है और यहां पर पराए मर्द से बात करना या देर रात आना, चरित्रहीनता है। बेचारी अश्वेत लड़कियों को यह नहीं पता था। यहां का पुरुष जब बाहर के देशों में जाता है तो क्या-क्या नहीं करता लेकिन अपने समाज में कुछ और ही होता है। खिड़की एक्सटेंशन के लोग अपनी अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता की आजादी से तो वंचित ही हैं और चाहते हैं कि अश्वेत लड़की भी उसी तरह रहे। दओस में इस घटना के ऊपर अफ्रीकी युनियन ने बहुत ही नाराजगी प्रकट की है और चेतावनी दी है कि वह संयुक्त राष्ट्र संघ में भी वह इसे उठाएंगी।

कुछ भी न करो तो ...

देश में आरक्षण विरोधी एवं जातिवादी ताकतों की सक्रियता को देखकर कुछ तो प्रेरणा लेनी चाहिए। अगर कुछ नहीं कर सकते हो तो कम से कम सप्ताह में पांच ऐसे लोग, जो अंबेडकरवादी और मिशनरी हैं, का नाम, पता व मोबाइल नंबर 56767 पर एसएमएस करें। 160 अक्षर (Character) से ज्यादा का एसएमएस नहीं भेजा सकता है। एसएमएस में सबसे पहले UR टाइप करें उसके बाद SPACE देकर नाम, पता एवं मोबाइल नंबर आदि दें। मोबाइल नंबर का होना ज्यादा जरूरी है और ईमेल हो तो उसे भी भेजें।

परिसंघ और समर्थक यदि इतना छोटा सा भी काम कर लें तो हमारे पास लाखों सही लोगों का मोबाइल नंबर आ जाएगा और जब भी चाहेंगे तो उन्हें अपने आंदोलन या आवश्यक सूचना एसएमएस के द्वारा सूचित करते रहेंगे। पूरा पता आ जाए तो और भी अच्छा है। यदि कई लोगों का साथ भेजना हो तो कम से कम नाम, जिला, प्रदेश और मोबाइल एसएमएस करें। इस तरह से एक से ज्यादा लोगों का डिटेल एक ही एसएमएस में आ जाएगा। भेजने के लिए सामने का उदाहरण को गौर से पढ़ें-



(Note- UR के बाद एक स्पेस अवश्य छोड़ें)

शेष पृष्ठ 1 का...

जाति आधारित आरक्षण की आवश्यकता

समान शिक्षा और अंतर्जातीय विवाह वाला समाज हो जाएगा, हम आरक्षण स्वयं छोड़ देगें। क्यों नहीं द्विवेदी जी इस आंदोलन में हमारा साथ देते? तमिलनाडु में आरक्षण 69 प्रतिशत् है लेकिन उत्तर भारत के सभी राज्यों की अपेक्षा हर क्षेत्र में विकसित राज्य है। लोगों को आरक्षण से घबराना नहीं चाहिए अब तो अमेरिका जैसे देश भी आंतरिक कलह समाप्त करने के लिए हर क्षेत्र में वहां के अश्वेतों, हिस्पेनिस एवं मूलनिवासियों को भागीदारी दे रहे हैं।

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशि:

पांच वर्ष : 600 रुपए

एक वर्ष : 150 रुपए

आक्रोश का कवि

तरुण विजय

विद्रोह, गुस्सा, आक्रोश जब सीमा से गुजर जाए तो कलम की आग्नेयता नामदेव ढसाल बन जाती है। उन्होंने बहुत कुछ ऐसा रचा, जिसके खिलाफ बहुत कुछ लिखा गया। किसी को बख्शा नहीं और उन्होंने यहां तक सुना-सहा कि तुम्हारी कलम जहर उगलती है, तुम हमारे समाज, हमारे धर्म के खिलाफ हो। नामदेव ढसाल ने कभी किसी की परवाह नहीं की। जो सब कुछ दांव पर लगा देता हो उसे किसका डर सता सकता है? वे अनेक लोगों, अनेक समुदायों और संगठनों, विचारधाराओं और बहुधा तीखी विषाक्तता के साथ सौमनस्य के ताने-बाने पर चोट करने वालों के साथ खड़े भी दिखे। पर उन्होंने कभी अपने मन और कलम के साथ समझौता नहीं किया।

उनके अवसान पर हमें क्यों दुःखी होना चाहिए? सिर्फ इसलिए कि वे न केवल हमारे रक्तबंधु, हमारे बहुत अपने, संवेदनशील भारतीय थे, बल्कि उन्होंने दर्द को जीया और इस हद तक जीया कि वे खुद उसी दर्द में ढल गए। उनकी कविताएं, उनका रहना, खाना-पीना, उनका व्यवहार और गुस्से में तमतमाते हुए कविता पाठ, मुर्दों को भी हिला देता था, क्योंकि उसमें कुछ भी तथाकथित भद्रजनों क चौखटें में ढली शालीनता को स्वीकार नहीं करता था।

हमारे इर्द-गिर्द इतना अधिक पाखंड और दोहरापन व्याप्त हो गया है कि हमें अन्याय के आक्रोश में बदलने वाले रूप को स्वीकार करने में दिक्कत होती है। हम यह मानना चाहते हैं कि चूंकि हमने या हमारे पूर्वजों ने कभी मैला नहीं ढोया, कभी साहब लोगों की गंदगी अपने हाथों से, अपने झाड़ू से साफ नहीं की, कभी पर्याप्त दूरी बनाते हुए एक हाथ से छोड़ी जाने वाली बासी और दूसरों की थाली में बची जूठी रोटियां अपने दोनों हाथों का पत्तल बना कर ठक से नहीं बोचीं (हाथों में पकड़ी), कभी सड़क पर झाड़ू उस समय नहीं लगाया, जब हमें देख कर अच्छे, ऊंचे, बड़ी जाति वाले नाक पर दुपट्टा या रूमाल रख कर हमसे एक-दो मीटर की दूरी यों बनाते हुए गुजरते हों मानों हम बीमारी का गंद टपकाते जानवर हों, तो सारे लोग हमारे ही स्तर की क्षमता, मानसिक आत्मविश्वास और कुलीन लोगों के बीच संवाद की भद्रता रखते होंगे।

इसीलिए इन भद्र, कुलीन, श्वेत या रक्तवर्णी चंदन से सुशोभित भव्य मस्तक वाले, बिरहमन और ठाकुरों को समरसता की बात करना बड़ा सुहाता है। किसी धर्मग्रंथ में भेदभाव नहीं है- वे कहे जाते हैं। मनुस्मृति में नहीं है, रामायण में नहीं है, रामचरितमानस में नहीं है, वेदों में नहीं है, उपनिषदों में नहीं है। ठीक है। अगर किसी में भी नहीं है, कभी किसी ने ऐसा व्यवहार करने के लिए कहा नहीं, तो नामदेव ढसाल को पैदा होने की जरुरत क्यों हुई?

हमारा व्यवहार अपने आप को धोखा देने वाला है। हम यह जानते हुए भी उसी धोखे में जीते रहना चाहते हैं, क्योंकि इससे हम सब की दुकान चलती रहती है। नामदेव ढसाल खराब लिखते थे, बेहद तोड़ने वाली भाषा में लिखते थे, वह सब लिखते थे, जो समरसता की चादर तार-तार करने वाला है- वे हमारी सभ्यता, संस्कृति, वगैरह के खिलाफ थे, यह सब कहने का क्या अर्थ है? ऐसी समरसता जो सौ प्रतिशत एक ही बिरादरी और जाति का समर्थन करे, तो क्या करें उसे पूज कर? नामदेव ढसाल की बातों से सहमत होने का दंभ न भरते हुए भी उनका प्रशंसक होने की कोशिश की जानी चाहिए। यह बड़ा कठिन है।

'गोलपीठ', 'मूर्ख महात्रैयाण्ये', माओवादी विचारों से तथाकथित जोशीली प्रेरणा का दावा करने वाली 'तुझी इयत्ता कंची', इंदिरा गांधी के बारे में 'प्रियदर्शिनी', बेहद विवादास्पद खेल और बाबा साहब अंबेडकर के आंदोलन और दलित विचार के समाजवादी चिंतन पर 'आबेडकरी चलवल' और 'अंधोले शतक' अगर अनेक अतिरेकी विचारों के कारण चर्चित संग्रह रहे, तो 'भी मारले सूर्याचा रथाचे सात घोड़े' (मैंने सूरज के रथ के सात घोड़े मारे) जैसी कृतियां सामान्य वंचित वर्ग के गहराते दर्द को समेटे हुए अद्भुत कविता है, जो अपार जनप्रिय हुई।

64 वर्ष की आयु में उन्हें जाना नहीं था। लेकिन असहमति में उठे हाथ अधिक लंबा सफर तय नहीं कर पाते। उन्होंने मराठी साहित्य के आकाश को बदल डाला और विद्रोह और विरोध की कविता का ऐसा लावा बहाया कि कविता का रूप बदल गया। उनकी कविताएं जर्मन, फ्रांसीसी और इतालवी भाषाओं में भी अनूदित हुई। महज 24 साल की उम्र में उन्होंने अग्निपथ का नायकत्व ओढ़ लिया था। ब्लैक पैंथर से लेकर इंडियन रिपब्लिकन पार्टी तक वे आक्रोश के जनकवि बने रहे।

उनकी मराठी कविताओं का कहीं हिंदी अनुवाद आया होगा, शायद। लेकिन मैंने पढ़ा नहीं। मूल मराठी में ही कुछ पढ़ा। मेरे मित्र थे मुंबई में शरद चव्हाण जो मजदूर विषयों पर महाराष्ट्र टाइम्स में स्तंभ लिखते थे और दलित मुद्दों पर हमसे बहुत चर्चा होती थी। तब मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के नाते जनजातीय क्षेत्र में पूर्णकालिक कार्यकर्ता था। जो भेदभाव, कटुता, विद्वेष और घनीभूत घृणा दलितों के प्रति देखने को मिलती थी, वही अनुसूचित जनजातियों के प्रति भी जिंदा थी। उसे केवल देख कर, जीकर ही महसूस किया जा सकता है। लेकिन हमारे बीच सब वे कार्यकर्ता थे, जो तथाकथित सजातीय या बड़ी जाति के कहे जाते थे और वे अपना घर, परिवार, डिग्री और पदवी छोड़ कर जनजातीय समाज की सेवा के लिए जुटे हुए थे।

हममें भी बहुत गुस्सा और आक्रोश पैदा होता था, जब अफसरी और नेताओं के हृदयहीन व्यवहार को देखते थे। अगर सजातीय अफसर है तो हो सकता है कि जातीय घृणा से वह भेदभाव का बर्ताव करता हो। लेकि बहुधा अनुसूचित जाति और जनजाति के अफसरों और नेताओं को भी अपने ही समाज के विरुद्ध काम करते हुए उनका सजातियों की ही तरह शोषण करते हुए देखते तो अजीब लगता था। शायद अपना जातीय स्तर ऊंचा करने का एक तरीका यह भी है कि जिन्हें हम निम्न जाति का कहते हैं उनके प्रति वही शोषक दृष्टि अपना ली जाए, जो बड़े लोगों में देखने को मिलती है।

पर हमें नामदेव ढसाल के गुस्से के प्रति आकर्षण और मोह होते हुए भी खुद न गुस्सा करना था और न ही तीखे तेजाब में डूबे शब्दों से प्रहार करना था। जाति विलीन हो जाएगी, तो जाति भेद भी विलीन हो जाएगा। पंगत में कोई किसी की जाति न पूछे तो जाति की पहचान ही कहां रहेगी। अगर मन मिल जाए तो घृणा भी दूर हो सकती है। पर यह लंबा रास्ता है और ऐसे किसी मामले

में शार्टकट होता नहीं।

हम चाहे जितना अपने मन को पाक-साफ करने-बताने की कोशिश करें, पर बद्धमूल पूर्वग्रह बड़े कठोर हैं। हमारे मित्रों की सूची में, शादी-ब्याह, तेरहवीं पर भेजे जाने वाले पत्रों की पता सूची में, समाज के बहुसंख्यक दलित/वंचित वे जिन्हें हम जाति में अपने बराबर नहीं मानते, होते ही कितने हैं। या सही तो यह कहना होगा कि होते ही नहीं। फिर भी भी हमें अच्छा लगता है कि नामदेव ढसाल के तीखेपन पर चोट करें और कहें कि नहीं, नहीं, नहीं, रास्ता सरलता, मिष्टभाषिता और नामालूम-सी दिखने वाली पद्धति से होकर गुजरता है। हो सकता है यह भी सही हो, लेकिन सच तो यह है कि जाति का भेदभाव और घनीभूत घृणा हो गई नहीं। नामदेव ढसाल का स्मरण अगर इस घृणा को समाप्त करने के लिए आवश्यक सम्मति के लिए आवश्यक अग्नि पैदा कर सके तो यही नामदेव होने की सार्थकता को सिद्ध करेगा।

(साभार : जनसत्ता)

मल उठाने का 'आध्यात्मिक अनुभव'

सुभाष गाताडे

क्या मल उठाने या गटर साफ करने के काम को - जिसने लाखों लोगों को बेहद अपमानजनक स्थितियों में पीढ़ी दर पीढ़ी ढकेला है -आध्यात्मिक अनुभव कहा जा सकता है? निश्चित ही नहीं, यह अलग बात है कि गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो इन दिनों प्रधानमंत्री के प्रत्याशी के तौर पर देश के अलग हिस्सों में भ्रमण कर रहे हैं, इस मसले पर बिल्कुल अलग ढंग से सोचते हैं। दरअसल जब से मोदी ने अपनी अलग छवि गढ़ने के लिए पहले शौचालय, फिर देवालय की बात कही है, और गुजरात में इस समस्या से निपटने का दावा किया है, तबसे न केवल इस मसले पर उनके विचारों की भी विवेचना चल रही है बल्कि यह बात भी सामने आ रही है कि सैनिटेशन की समस्या को अपने राय में समाप्त करने का दावा करनेवाले गुजरात की स्थिति इस मामले में कितनी फीसड्डी है।

लेकिन पहले गटर साफ करने को आध्यात्मिक अनुभव की श्रेणी में रखने की बात करनेवाले मोदी के विचारों पर गौर करें। अपनी किताब कर्मयोग में वह लिखते हैं - मैं नहीं मानता कि वे (सफाई कामगार) इस काम को महज जीवन-यापन के लिए कर रहे हैं। अगर ऐसा होता तो उन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी इस काम को नहीं किया होता ..किसी वक्त उन्हें यह प्रबोधान हुआ होगा कि वाल्मिकी समुदाय का काम है कि समूचे समाज की खुशी के लिए काम करना, इस काम को उन्हें भगवान ने सौंपा है और सफाई का यह काम आन्तरिक आध्यात्मिक गतिविधि के तौर पर जारी रहना चाहिए। इस बात पर यकीन नहीं किया जा सकता कि उनके पूर्वजों के पास अन्य कोई उद्यम करने का विकल्प नहीं रहा होगा। (पेज 48-49)

मालूम हो कि इस किताब का प्रकाशन 2007 में हुआ था, जिसमें आई ए एस अधिकारियों के चिन्तन शिविरों में मोदी द्वारा दिए गए व्याख्यानों का संकलन किया गया है। गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कार्पोरेशन जैसे अग्रणी सार्वजनिक प्रतिष्ठान के सहयोग से इसकी पांच हजार प्रतियां छापी गयी थीं। गुजरात के वरिष्ठ पत्रकार राजीव शाह के चलते ही इस बात का खुलासा हुआ था।

जाति प्रथा एवं वर्णाश्रम की अमानवीयता को औचित्य प्रदान करने वाला उपरोक्त संविधानद्रोही वक्तव्य 'टाईम्स आफ इण्डिया' में नवम्बर मध्य 2007 में प्रकाशित भी हुआ था। आप इसे गुजरात के दलितों के एक हिस्से के हिन्दुत्वकरण का परिणाम कहें कि गुजरात में इस वक्तव्य पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, मगर जब तमिलनाडु में यह समाचार छपा तो वहां दलितों ने इस बात के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किए जिसमें मैला ढोने को 'आध्यात्मिक अनुभव' की संज्ञा दी गयी थी। उन्होंने जगह-जगह मोदी के पुतलों का दहन किया। अपनी वर्ण मानसिकता के उजागर होने के खतरे को देखते हुए जनाब मोदी ने इस किताब की पांच हजार कापियां बाजार से वापस मंगवा लीं, मगर अपनी राय नहीं बदली। वर्ष 2009 में सफाई कर्मचारियों की एक सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने उनके काम को मंदिर के पुरोहित के काम के समकक्ष रखा था। उन्होंने कहा - जिस तरह पूजा के पहले पुजारी मन्दिर को साफ करता है, आप भी मन्दिर की ही तरह शहर को साफ करते हैं।

अब 'पहले शौचालय और बाद में देवालय' की बात पर गौर करें। एक युवा सम्मेलन में मोदी की टिप्पणी ने केसरिया पलटन की अपनी दरारों को खूब उजागर किया। शिवसेना की तरफ से कहा गया कि- अब वक्त आ गया है कि कांग्रेस नरेन्द्र मोदी को अपनी शौचालय परियोजना का ब्राण्ड एम्बेसडर बना दे तो मोदी के परिवार के तोगडिया ने उन्हें हिन्दूविरोधी घोषित किया। वैसे आंकड़े खुद गवाही देते हैं। 2001 की जनगणना ने ग्रामीण सैनिटेशन की हकीकत को जिनमें तीनों बुनियादी सुविधाएं - पीने का पानी, बिजली और सैनिटेशन - उपलब्ध है, उसका प्रतिशत महज 21 फीसदी बताया था, जबकि 2012-13 की इंडिया रूरल डेवलपमेण्ट रिपोर्ट बताती है कि यह अब गुजरात की 25 फीसदी ग्रामीण आबादी तक पहुंच सका है। शहरी इलाकों में भी स्थिति बहुत उत्साहवर्धक नहीं है।

मानव गरिमा नामक एक समुदाय आधारित संगठन, जो सफाई कामगार समुदायों के अधिकारों के लिए संघर्षरत है, उसके द्वारा हाल में सम्पन्न अध्ययन में यह बात उजागर हुई थी कि अहमदाबाद के अन्दर 126 ऐसे स्थल है, जहां अहमदाबाद म्युनिसिपल कार्पोरेशन की बाकायदा निगरानी में मानवीय श्रम द्वारा मल उठाने का काम बदस्तूर जारी है।

गौरतलब है कि इस मामले में राज्य सरकार के कथन और वास्तविक जमीनी हकीकत में गहरा अन्तराल दिखाई देता है। उदाहरण के तौर पर इसी संगठन ने वर्ष 2010 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पास याचिका डाली थी, तब गुजरात सरकार को बेहिचक यह कहने में संकोच नहीं हुआ था कि वह 1993 में बने अधिनियम एम्प्लायामेन्ट आफ मैनुअल स्केवेंजर्स एण्ड कन्स्ट्रक्सन आफ ड्राई लैटरिन्स (प्रोहिबिशन) एक्ट, 1993 को प्रभावी ढंग से लागू करने के प्रति संकल्पबद्ध है, जिसके अन्तर्गत ऐसा काम करने वाले को अलग पगार दी जाती है। गुजरात सरकार की तरफ से यह बात भी अदालत को बतायी गयी थी कि उनके यहां ऐसी स्थिति नहीं है।

